an>

Title: Need to give compensation to residents whose houses got burnt in fire accident in Kandivali Damunagar region in Mumbai-North Parliamentary Constituency.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : महोदय, परसों सोमवार को मेरे निर्वाचन क्षेत्र कांदीवली दामूनगर में एक बहुत बड़ी भयंकर आग लगी, जिसमें 1500 सौ से ज्यादा घर जलकर खाक हो गए और दो लोगों की मृत्यु भी हो गई है। हमारे मंत्री महोदय प्रकाश मेहता जी और रामदास कदम जी ने तुरन्त वहाँ विजिट किया। मुंबई भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एडवोकेट आशीष सेलार जी ने मृतकों को कुछ राशि भी उपलब्ध कराई।

मेरी आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से माँग है कि केन्द्र सरकार की जो आवास योजना है, उस आवास योजना के माध्यम से इन 1500 से अधिक लोगों को राज्य सरकार के साथ कोआर्डिनेशन करके तुरन्त अच्छे घर बनाकर दिए जाएं। इस प्रकार की व्यवस्था करने का आदेश यहाँ से निर्गमित हो, यह मेरी अपेक्षा है। साथ ही साथ मैं कहना चाहता हूँ कि सुप्रीम कोर्ट ने फॉरेस्ट लैंड पर बसे हुए लोगों को परमानेंट घर देने के लिए दस साल पहले आदेश दिये, लेकिन पिछली सरकार के आवास न बनाने की वजह से उनको अभी तक घर नहीं मिला है। ऐसे सारे लोगों का इस आग में बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र और राज्य सरकार से विनती करना चाहूँगा कि घर जलने के कारण जिनका भी नुकसान हुआ है, उन सारे लोगों को पैसे दिए जाए। इसके साथ ही केन्द्र सरकार की जमीन पर बसे हुए सारे लोगों को प्रधानमंत्री जी की जो योजना है, स्वच्छ भारत के माध्यम से स्वच्छ पानी, लाइट और शौचालय तुरन्त उपलब्ध कराए जाएँ। मैं यह माँग भी जीरो ऑवर में आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से करना चाहता हूँ। बहुत-बहुत धन्यवाद।